# व्यापार मेला निवेशकों को लुभाने का यूपी के लिए मौका : मुख्य सचिव

लखनऊ/नई दिल्ली, हिन्दुस्तान टीम। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं डिजिटलाइजेशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के उत्पाद देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं। यह व्यापार मेला निवेशकों को लुभाने का एक अच्छा मौका है। यूपी निवेशकों के लिए एक हब के रूप में तथा ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि फरवरी में जब उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हुई तो उत्तर प्रदेश में 35.50 लाख करोड़ का एमओयू साइन हुआ, जो इस समय बढ़कर 38 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच गया है।

मुख्य सचिव ने मंगलवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 42वां अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश मंडप शुभारंभ करते हुए ये बातें कहीं। मुख्य सचिव ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को करीब 500 वर्ष पश्चात रामलला अपने मंदिर में विराजेंगे और हम बड़े भाग्यशाली हैं कि हम सब इसके साक्षी बनेंगे। उत्तर प्रदेश पवेलियन में प्रदेश के सभी जनपदों के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर तथा दिल्ली राज्यों के साथ-साथ फोकस स्टेट के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

## वैश्विक स्तर पर भारत को नई पहचान मिली : अनुप्रिया पटेल



कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज यहां 3500 से अधिक प्रदर्शनी और 13 से अधिक देश हिस्सा ले रहे हैं। भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत को नई पहचान मिली है।

## मेले में घर की हर जरूरत का सामान मिलेगा

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में मंगलवार से 42वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 शुरू हो गया। यहां आपको घर की हर जरूरत का सामान खरीदने का मौका मिलेगा। घरों की सजावटी लाइट, रसोई में इस्तेमाल होने वाले बर्तनों से लेकर मसालों तक की स्टॉल लगी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल और सोम प्रकाश ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।